# 18. पत्र-लेखन

पत्र माध्यम होते हैं संदेश को एक-स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने का। आज संदेश भेजने के इतने नए तरीके उपलब्ध हैं फिर भी पत्र लिखना आज भी एक रोचक विधा के रूप में विद्‌यमान है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को पत्र लिखने का सही तरीका बताएँ।
- ❖ पत्र लिखते समय ध्यान रखने योग्य विशेष बातें बताएँ।
- ❖ पूछें, क्या आपने कभी कोई पत्र लिखा है आदि। बच्चे जवाब में बता सकते हैं कि छुट्‌टी के लिए प्रार्थना पत्र आदि लिखा है।
- ❖ बताएँ, औपचारिक पत्र यानि विद्‌यालय या कार्यालय को लिखे जाने वाले पत्र तथा अनौपचारिक पत्र यानि अपने मित्रों, परिवारजनों को लिखे जाने वाले पत्र।
- ❖ पत्र के प्रारूप पर चर्चा करते हुए इसके बारे में समझाएँ।
- ❖ दोनों प्रकार के पत्र बच्चों से ही पढ़वाएँ।
- ❖ प्रत्येक बच्चे पर अपना ध्यान दें।
- ❖ प्राचीन काल में संदेश भेजने के साधनों तथा आज के युग में संदेश के माध्यमों की तुलना करते हुए पत्रों की उपयोगिता पर बातचीत करें।
- ❖ अभ्यास करवाने में आवश्यक सहायता करें।